कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला बाड़मेर (राज.)

क्रमांक :– न.5( )बाड़–फोर्स / 2021 / 1663-1762 दिनांक : 08 मई, 2023

प्रेस नोट

पुलिस मुख्यालय, राजस्थान जयपुर की विज्ञप्ति संख्या न.5(2)पु.फो. / कानि. भर्ती–2021 / 2300 दिनांक 29.10.2021, संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक 2305 दिनांक 29.10.2021 के द्वारा जिला बाड़मेर में कानि. सामान्य ड्यूटी के 39 रिक्त पदों की पूर्ति लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता एवं शारीरिक मापतौल परीक्षा दिनांक 29.10.2022 को राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर में आयोजित कर गठित बोर्ड द्वारा चयनित किये गये अभ्यर्थियों को चयन सूची पर लिये जानें पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 5082 दिनांक 07.11.2022 के द्वारा परिणाम जारी किया गया था।

जिला बाड़मेर में उक्त पूर्व में चयनित अभ्यर्थियों में से 10 अभ्यर्थियों द्वारा नियुक्ति के अनिच्छुक / अन्यत्र नियोजन एवं विभिन्न कारणो से नियुक्ति नहीं चाहनें बाबत् प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करनें के कारण रिक्त रहे पदो की पूर्ति हेतु गठित रिव्यू बोर्ड द्वारा दिनांक 04.05.2023 को महानिरीक्षक पुलिस, जोधपुर रेंज जोधपुर के कार्यालय में आयोजित बैठक में चयन सूची से पृथक कर उनके स्थान पर समग्र चयन वरियता सूची में से निम्नलिखित 10 अभ्यर्थियों को भर्ती प्रकिया के अग्रिम चरण (दस्तावेज / चरित्र सत्यापन / स्वास्थ्य परीक्षण) हेतु चयन सूची पर लिया गया हैं, जिसका अनुमोदन उप महानिरीक्षक पुलिस, (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड), राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक 2126 दिनांक 04.05.2023 के द्वारा किया गया हैं:–

क्र.सं.	रोल नम्बर	नाम अभ्यर्थी	पिता का नाम	चयन वर्ग	समग्र मेरिट क्रमांक
01.	103172544	हुकमाराम	जेठाराम	सामान्य वर्ग–15	22
02.	103360091	राजेन्द्र सिंह	बाग सिंह	सामान्य वर्ग–17	25
03.	103332884	भैराराम	जालाराम	सामान्य वर्ग–18	26
04.	103274779	हिंगोल सिंह	चुतर सिंह	सामान्य वर्ग–19	27
05.	103348000	महेन्द्र सिंह	मोट सिंह	सामान्य वर्ग–20	28
06.	103315026	जालम सिंह	हडवंत सिंह	आर्थिक पिछड़ा वर्ग–3	32
07.	103189593	गीता	श्यामाराम	सामान्य महिला–4	92
08.	103184290	कौशल्या	गंगाराम	सामान्य महिला–5	98
09.	103146348	अशोक कुमार मीना	मोहनलाल	एसटी–2	83
10.	103322028	रामवीर	खैमा	एसटी–3	85

उक्त चयन सूची पर लिए गए अभ्यर्थियों की सूची इस कार्यालय पुलिस अधीक्षक बाड़मेर एवं पुलिस लाईन बाड़मेर के नोटिस बोर्ड पर (चस्पा) एवं विभागीय वेबसाईट **www.police.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है। परीक्षा परिणाम प्रकाशन में पूर्ण सावधानी बरती गई हैं, फिर भी कार्यालय की सूचना को ही अधिकृत माना जावे।

अतः उपरोक्त सभी चयनित अभ्यार्थियो को सूचित किया जाता है कि कानिस्टेबल (सामान्य) के पद पर नियुक्ति हेतु अग्रिम प्रकिया दस्तावेज सत्यापन, चरित्र सत्यापन एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु वे अपने समस्त मूल दस्तावेज यथा शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, अंतिम शिक्षा ग्रहण करने वाले शैक्षणिक संस्थान द्वारा जारी चरित्र

प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, दो राजपत्रित अधिकारियो द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र, दो फोटो पहचान पत्र, आर्थिक पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र, विशेष योग्यता प्रमाण पत्र व समस्त दस्तावेजों की एक–एक प्रमाणित छाया प्रति स्व प्रमाणित, दहेज नही लेने संबंधित शपथ पत्र, दिनांक 01.06.2002 के बाद दो से अधिक जीवित सन्तान होनें/नही होने बाबत् शपथ पत्र, एक से अधिक जीवित पत्नि नहीं होने बाबत् शपथ पत्र, अपराधिक गतिविधियो में सम्मिलित नही होने या सजायाफ्ता नही के सम्बंध में शपथ पत्र, धुम्रपान/तम्बाकू सेवन नही करने का शपथ पत्र, 10 पासपोर्ट साईज के नवीनतम रंगीन फोटो सहित दिनांक 15.05.2023 को प्रातः 10 बजे इस कार्यालय में अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। चयनित अभ्यार्थियो को उक्त प्रयोजनार्थ उपस्थित होने पर किसी प्रकार का यात्रा भत्ता व मानदेय देय नही होगा। अभ्यर्थियों को उक्त प्रक्रिया हेतु एक–दो दिन का समय लग सकता हैं अतः सभी अभ्यर्थी आवश्यक तैयारी के साथ उपस्थित होवें।

08/05/23

(दिगंत आनंद)
पुलिस अधीक्षक
जिला बाड़मेर।

प्रतिलिपि, निम्नांकित को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु,

01. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड, जयपुर।
02. महानिरीक्षक पुलिस, मुख्यालय, राजस्थान जयपुर।
03. महानिरीक्षक पुलिस, जोधपुर रेंज जोधपुर।
04. जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बाड़मेर।
05. समस्त जिला पुलिस अधीक्षक राजस्थान मय जीआरपी।
06. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बाड़मेर/बालोतरा।
07. समस्त वृताधिकारी/थानाधिकारी जिला बाड़मेर।
08. संचित निरीक्षक पुलिस लाईन बाड़मेर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
09. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, बाड़मेर को भेजकर लेख है कि उक्त प्रेस नोट स्थानीय/प्रादेशिक दैनिक समाचार पत्रों के आगामी अंक में प्रकाशित करवाने का श्रम करावें।
10. सम्पादक, दैनिक भास्कर/राजस्थान पत्रिका/दैनिक नवज्योति, कार्यालय बाड़मेर को भेजकर लेख है कि उक्त प्रेस नोट जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का श्रम करावें।
11. प्रभारी, पुलिस कंट्रोल रूम, बाड़मेर।
12. प्रभारी, डीसीआरबी कार्यालय हाजा को भेजकर लेख है कि उपरोक्त प्रेस नोट पुलिस वेबसाईट पर आज ही अपलोड कर पालना सुनिश्चित करें।
13. नोटिस बोर्ड कार्यालय हाजा।

पुलिस अधीक्षक,
जिला बाड़मेर।